# कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका, झारखंड।

E-Mail:- atma_dumka@rediffmail.com Tel. 06434- 237227

विज्ञापन सं0 – 02/211/30-10-2021

## SUB MISSION ON AGRICULTURAL EXTENSION (SMAE) UNDER NATIONAL MISSION ON AGRICULTURAL EXTENSION & TECHNOLOGY (NAMET)

**Invitation for submitting applications for providing services on contractual basis at the Block Level in National Mission on Agricultural Extension & Technology. Scheme Agricultural Technology Management Agency (ATMA), Dumka.** invites application from unemployed/ retired officers of Government of India/State Government Department/ Private Public sector Undertaking/ Private sector organizations or otherwise with requisite qualification and experience as Collaborated below for providing services against following post on contractual basis.

| क्र0 | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | कार्य अनुभव | सेवा का आधार | संविदा अवधि अधिकतम 1 वर्ष | एकमुस्त मासिक परिलब्धि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रखंड तकनीकी प्रबंधक | 4 | Post Graduate in Agri./ Allied Sector of agri. With Computer Skill | Minimum 2 year Fild Expreience in Agri Related Activities | Contractual | 12th plan | Consolidated Rs. 30000/ (25000+5000) p.m. (An annual increase of 10% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक | 13 | Graduate/ Post Graduate in Agri./ Allied Sector of agri. | Preferably one year | Contractual | 12th plan | Consolidated Rs. 25000/ (21000+4000) p.m. (An annual increase of 10% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |
| 3 | लेखापाल सह लिपिक | 1 | Graduate, Preferably 'B. Com' | Minimum 3 year Expreience | Contractual | 12th plan | Consolidated Rs. 21 000 p.m |
| 4 | कम्प्युटर ऑपरेटर | 1 | Graduate With Diploma in Computer Applications or an equivalent from a recognized of reputed institution | 1 Year Expreience | Contractual | 12th plan | Consolidated Rs. 16000 p.m |

**दुमका जिला में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, लेखापाल सह लिपिक, एवं कम्प्युटर ऑपरेटर पद पर नियुक्ति के रिक्त पदों की विवरण।**

| प्रखंड तकनीकी प्रबंधक | | | | सहायक तकनीकी प्रबंधक | | | | लेखापाल सह लिपिक | | कम्प्युटर ऑपरेटर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Gen. | ST | SC | कुल रिक्त पद | Gen. | ST | SC | कुल रिक्त पद | Gen. | कुल रिक्त पद | Gen. | कुल रिक्त पद |
| 2 | 1 | 1 | 4 | 7 | 5 | 1 | 13 | 1 | 1 | 1 | 1 |

शर्ते :–

1. विज्ञापित पद संविदा आधारित हैं एवं प्रारंभिक एक वर्ष के लिए है, जिसे प्रत्येक वर्ष Performance Appraisal Report के आधार पर संविदा विस्तार किया जा सकता है।
2. उक्त चार पदों पर चयन हेतु कुल पूर्णांक –100 अंक का होगा तथा अहर्त्ता हेतु Cut off Marks अनारक्षित वर्ग हेतु – 50 अंक एवं आरक्षित वर्ग हेतु 40 अंक का होगा एवं कम्प्युटर दक्षता परीक्षा तथा अन्तर्वीक्षा में उपस्थिति अनिवार्य होगी।
3. चयनित अभ्यर्थी को परियोजना निदेशक, आत्मा के साथ संविदा एकरारनामा करना होगा।
4. चयनित अभ्यर्थियों का संविदा एकरारनामा की तिथि से संविदा प्रारंभ मानी जाएगी।
5. नियोजन संविदा पर की जाएगी। भविष्य में स्थाई नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
6. योजना/संविदा की अवधि की समाप्ति के एक सप्ताह पूर्व अग्रिम सूचना देकर किसी भी समय नियोजन समाप्त की जा सकती है।
7. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 45 वर्ष से कम उम्र वाले एवं दिव्यांगों के लिए 55 वर्ष से कम उम्र वाले आवेदन कर सकते है।
8. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों (यथा– अंक पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र, एवं कम्प्युटर दक्षता आदि) सहित का स्वःअभिप्रमाणित की छायाप्रति निश्चित रूप से संलग्न करेंगे।

9. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किये जाएगे तथा आवेदन पत्र के लिफाफा के ऊपर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से अंकित किया जाए।
10. गलत, अपूर्ण संलग्न कागजात एवं अधुरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।
11. आवेदन शुल्क प्रत्येक अभ्यर्थियों एवं प्रत्येक पद के लिए 500/– (पाँच सौ) रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांट ड्राफ्ट, **Project Director ATMA, Dumka** के नाम से Payable at Dumka होगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन शुल्क वापस नहीं की जायेगी।
12. इन चार पदों की नियुक्ति पदाधिकारी परियोजना निदेशक, आत्मा, दुमका होंगे। अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न विधाओं में Weightage के अनुसार होगा अभ्यर्थियों की कम्प्युटर दक्षता एवं प्रमाण पत्रों की जाँच गठित चयन समिति के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
13. अन्तिम मेधा सूची/रिजल्ट के प्रकाशन के बाद कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर यदि चयनित अभ्यर्थी एक माह के अंदर योगदान नहीं देते है तो उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी। रिजल्ट का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र/ आत्मा कार्यालय के सूचना पट्ट/NIC Dumka वेबसाईट https://www.dumka.nic.in एवं ATMA Dumka वेबसाईट http://www.atmadumka.co.in के माध्यम से की जाएगी।
14. प्रत्येक पद का प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी तथा उक्त सूची से ही रिक्त पदों को प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से भरा जायेगा, प्रतीक्षा सूची मात्र एक वर्ष के लिये मान्य होगी।
15. चयनित अभ्यर्थी उपायुक्त सह अध्यक्ष/परियोजना निदेशक, आत्मा एवं उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करेंगे।
16. अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी हेतु https://www.dumka.nic.in एवं http://www.atmadumka.co.in से डाउनलोड कर सकेंगे।
17. भरा हुआ आवेदन पत्र **परियोजना निदेशक, आत्मा, दुमका, हवाई अड्डा रोड, दुमका (814101)** के पते पर दिनांक 20.11.2021 समय 5:00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. नियुक्ति हेतु विज्ञापन अथवा प्रक्रिया को बिना कारण बताये उपायुक्त सह अध्यक्ष आत्मा, दुमका द्वारा निरस्त किया जा सकता है।
19. दुमका जिले स्थानीय निवासी ही आवेदन करने के पात्र होगे (स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए)।
20. नियुक्ति प्रकिया में समिति का अंतिम निर्णय बाध्यकारी होगा।
21. समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापान के शर्तो में संशोधन किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आत्मा, दुमका।

उपायुक्त सह अध्यक्ष,
आत्मा, दुमका।